“हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, त्रैमासिक प्रतिवेदन तथा राजभाषा प्रगति निगरानी पंजिका” विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनांक 16 अक्टूबर, 2019 को हिंदी अनुभाग, वन अनुसंधान संस्थान के सौजन्य से विस्तार प्रभाग के सम्मेलन कक्ष में संस्थान के विभिन्न प्रभागों/अनुभागों के अधिकारियों/कार्मिकों के लिए ‘हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा त्रैमासिक प्रतिवेदन‘ पर जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ संस्थान की कुलसचिव श्रीमती नीलिमा शाह, भा.व.से. के उत्साहवर्धक संबोधन से हुआ। प्रथम सत्र में टिप्पण एवं प्रारूप लेखन के विषय विशेषज्ञ श्री अरविंद जौहरी, अनुभाग अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प. का स्वागत करते हुए कुलसचिव महोदया ने सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला के दौरान चर्चित होने वाले विषयों पर ध्यान देते हुए अपनी समस्याओं पर बेझिझक चर्चा करने का आह्वान किया ताकि कार्यालय में हिंदी के कार्यान्वयन में उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होनें कार्यशाला को सफल बनाने के लिए सभी को अधिक से अधिक सहयोग करने को भी कहा।

कार्यशाला के औपचारिक उद्घाटन के उपरांत ‘टिप्पण एवं प्रारूप लेखन‘ पर श्री अरविंद जौहरी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई यह जानकारी बेहद ज्ञानवर्धक रही क्योंकि इस दौरान विशेष रूप से आपसी चर्चा कर समस्याओं का समाधान किया गया एवं नई जानकारियां साझा की गई।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में श्री रमाकांत मिश्र, मुख्य तकनीकी अधिकारी, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, भा.वा.अ.शि.प. ने तिमाही प्रतिवेदन भरने तथा इससे संबंधित ‘राजभाषा प्रगति निगरानी पंजिका‘ प्रारूप भरने पर बेहद ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी जानकारियां साझा की। सत्र के आरंभ में उन्होनें हिंदी के महत्व एवं केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में इसके कार्यान्वयन एवं अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। प्रारूप भरने के दौरान श्री आर.के. मिश्र जी ने प्रारूप के प्रत्येक बिंदु/कॉलम को भरने तथा उससे संबंधित प्रश्नों के उपयुक्त समाधान दिए। उन्होनें संपूर्ण सत्र के दौरान प्रतिभागियों के सभी प्रश्नों के संतोषपूर्ण हल दिए।

कार्यशाला के दोनो सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी से संबंधित लिखित परीक्षा आयोजित की गई। लिखित परीक्षा का उद्देश्य कार्यशाला में प्रतिभागियों को निर्धारित विषयों पर अधिक से अधिक लाभ देना था। इस कार्यशाला में कुल 24 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया। कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

प्रशिक्षण
दिनांक - 16 अक्टूबर
विषय : "हिन्दी टिप्पण
त्रैमासिक

राजभाषा प्रशिक्षण
कार्यशाला
16 अक्टूबर 2019

प्रशिक्षण कार्यशाला
दिनांक - 16 अक्टूबर 2019
विषय : "हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन,
त्रैमासिक प्रतिवेदन में उचित प्रविष्टि
एवं यूनिकोड का उपयोग"
आयोजक : हिन्दी अनुभाग, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून